Seventeenth Loksabha

an>

Need to introduce flight services between Prayagraj and Delhi and introduce international flight services and cargo services from Prayagraj, Uttar Pradesh

श्रीमती केशरी देवी पटेल (फूलपुर): महोदय, मैं आपका ध्यान जनपद प्रयागराज, उत्तर प्रदेश की ओर आकृष्ट करना चाहती हूँ। प्रयागराज जिले की आबादी लगभग 60 लाख है। प्रयागराज एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का शुभारम्भ 16 दिसम्बर 2018 को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के करकमलों द्वारा हुआ था। वर्तमान समय में प्रयागराज एयरपोर्ट से लगभग 16 विमान मूवमेंट हो रहे हैं। इसे और बढाने की आवश्यकता है।

महोदय मेरा आग्रह है कि प्रयागराज से दिल्ली एवं दिल्ली से प्रयागराज हेतु सुबह 7- 9 बजे एवं शाम को 7-9 बजे के आसपास सेवा शुरू की जाये। प्रयागराज में उत्तर प्रदेश सरकार के कई मुख्यालय, उच्च न्यायालय तथा कई विश्वस्तरीय शिक्षण संस्थान स्थित हैं तथा यह शहर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने का प्रमुख केंद्र है। प्रयागराज में हर 12 वर्षों में कुम्भ एवं हर वर्ष माघ मेला संगम तात पर लगता है, जिसमें करोड़ों श्रद्धालुओं का आवागमन होता है। संगम में स्नान करने के लिये वर्ष भर हजारों लोगों का प्रतिदिन आवागमन होता है।

प्रयागराज एयरपोर्ट पर आवक कार्गो की अस्थाई सुविधा दी गई है, परन्तु कार्गो भेजने और स्टोर करने की सुविधा उपलब्ध नहीं है, जबकि एयरपोर्ट की भविष्य की विस्तार योजना में कार्गो कॉम्प्लेक्स का प्रावधान है। कार्गो सुविधा होने पर यहाँ के किसानो व छोटे व्यवसायियों द्वारा अपने उत्पादों जैसे अमरुद, आम, हस्तशिल की सामग्री तथा खाद्यान आदि को तत्काल बड़े बाजारों को भेजा जा सकता है। कार्गो सुविधा हो जाने पर इस क्षेत्र के आर्थिक विकास और रोज़गार में अभूतपूर्व वृद्धि हो सकती है। प्रयागराज एयरपोर्ट भारतीय वायुसेना के साथ एक ज्वाइंट एयर फील्ड है, जिसके कारण रात्रि के समय विमान के संचालन एवं एयरपोर्ट के विकास में भी बाधा उत्पन्न हो रही है। इस हेतु सरकार के स्तर से विशेष प्रयास किये जाने की आवश्यकता है।

महोदय, आपके माध्यम से मैं माननीय उड्डयन मंत्री जी से मांग करती हूँ कि प्रयागराज से दिल्ली एवं दिल्ली से प्रयागराज हेतु सुबह 7-9 बजे एवं शाम को 7-9 बजे के आसपास उड़ान सेवा शुरू की जाये एवं प्रयागराज एयरपोर्ट से कार्गो सेवा और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें तथा हज के लिये विमान की शुरुआत की जाए।